



नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 19 दिसंबर, 2025




## एक नजर में

### ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्षों का पूर्व विधायक ने स्वागत किया



**महिदपुर।** विधानसभा क्षेत्र महिदपुर ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्थानीय आम्बेडकर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने विधायक दिनेश जैन बोस, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग, महिदपुर ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश बगाना, झारड़ा ब्लॉक अध्यक्ष कमलसिंह चौहान, महिदपुर रोड ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भारत शर्मा का स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का दायित्व है कि संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए सभी वर्गों को साथ लेकर चले तथा वार्ड, पंचायत एवं पोलिंग बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की एक सशक्त टीम का गठन करें। नवनियुक्त अध्यक्षों ने पार्टी नेतृत्व द्वारा जताए गए विश्वास के प्रति आभार जताया। संचालन अरुण बुरड़ ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र मंडोरा, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष हीरालाल आंजना, अनिल आंचलिया, मुजाहिद नागोरी, पार्षदगण इकबाल नागोरी, जाकिर मंसूरी, रईस कुरेशी, मुद्दसर नागोरी, इकबाल भाई दादू सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे। अंत में सभी का आभार अरुण बुरड़ ने माना।

### माकड़ोन के वेदांत धाकड़ ने क्लैट पीजी में हासिल की ऑल इंडिया रैंक 100,ओबीसी श्रेणी में



**मकड़ोन।** मकड़ोन निवासी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता डीके नागर के पुत्र वेदांत धाकड़ ने क्लैट (राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा पीजी-स्नातकोत्तर) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक (ढ्ढक्र) 100 तथा ओबीसी श्रेणी में ऑल इंडिया रैंक (ढ्ढक्र) 7 प्राप्त की है। वेदांत ने अपनी इस सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, आत्मअनुशासन तथा माता-पिता से प्राप्त मार्गदर्शन और संस्कारों को दिया। उन्होंने बताया कि पिता से मिली अनुशासनप्रिय सोच और विधिक समझ, तथा माता से प्राप्त संयम, धैर्य और नैतिक मूल्यों ने उनकी शैक्षणिक यात्रा को निरंतर दिशा दी। इस उपलब्धि पर परिवारजनों एवं नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए वेदांत धाकड़ के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अंशुल बने सह मीडिया प्रभारी

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने संगठन में युवा नेतृत्व को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राजगढ़ जिले के युवा नेतृत्व अंशुल तिवारी को भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश का प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। अंशुल तिवारी की नियुक्ति से पूरे मध्यप्रदेश के युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है।

### राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव में होगा विशिष्ट अभिनंदन एवं अटल महामना साहित्य सेवा सम्मान

**उज्जैन।** राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन के 43वें राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव में संस्था के संस्थापक 7 सदस्यों का विशिष्ट अभिनंदन एवं आमंत्रित पदाधिकारी एवं 55 साहित्यकारों को अटल-महामना साहित्य सेवा सम्मान से सम्मानित किया जावेगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. हरीशकुमार सिंह ने बताया कि शिक्षक संचेतना द्वारा विविध अवसरों पर राष्ट्रीय संगोष्ठियां सम्मान समारोह आयोजन किये जा रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी जयंती एवं भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय के 164वें जन्म दिवस पर विशेष समारोह में 7 प्रमुख संस्थापक सदस्य ब्रजकिशोर शर्मा उज्जैन, हरे राम वाजपेयी इंदौर, डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा, संजय जौहरी, डॉ. प्रभु चौधरी एवं शीला व्यास, डॉ. पुष्पा चोरसिया का विशिष्ट सम्मान होगा। मुख्य अतिथि हरेराम वाजपेयी, विशिष्ट अतिथि यशवंत भंडारी, माया मेहता, अरविन्द जैन उज्जैन, अध्यक्षता डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा, मुख्य वक्ता डॉ. अनसूया अग्रवाल होंगी।

### आत्मनिर्भर भारत अभियान सह जीएसटी बचत उत्सव सम्मेलन आज

**घट्टिया।** आत्मनिर्भर भारत अभियान सह जीएसटी उत्सव सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को विधायक सतीश मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित होगा। जनपद सीइओ जीएस मुझाल्दा ने जनपद प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों तक नेक्सट जनरेशन जीएसटी के फायदे लोगों तक पहुंचाना व स्वदेशी वास्तुओ का उपयोग बढ़ाना है।

### नि :शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

**महिदपुर।** नगर के एडवांस कंप्यूटर संस्था द्वारा समय समय पर डिजिटल भारत योजना के अंतर्गत कई नि:शुल्क प्रोग्राम चलाए गए। इसी कड़ी में 18 दिसंबर से महिला सुरक्षा को लेकर ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाया जा रहा है। जो पूर्णत: नि:शुल्क होगा इसमें 18 वर्ष से 45 वर्ष की महिलाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में नि:शुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके पश्चात भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डिजिटल इंडिया अभियान के तहत सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे। अत: अधिक से अधिक महिलाएं इस योजना का हिस्सा बने और अपना आधार कार्ड लेकर एडवांस कंप्यूटर, गणेश गली, महिदपुर पर तुरंत अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं।

### अस्मिता -महिला बास्केटबॉल सिटी लीग आज से

**उज्जैन।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, भारत सरकार की खेलों की महत्वपूर्ण योजना, मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में उज्जैन कार्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा अस्मिता -महिला बास्केटबॉल सिटी लीग का शुभारंभ आज 19 दिसंबर को बॉस्केटबॉल एरिना महानंदा नगर पर शाम पाँच बजे से किया जा रहा है। आयोजन समिति की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता उज्जैन शहर में बास्केटबॉल खेल की लोकप्रियता को देखते हुए सेंट्रल गवर्नमेंट ने लगातार तीसरे वर्ष में उज्जैन को यह लीग करवाने का महत्त्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है। आयोजन समिति की सदस्य प्रगति जैन व मनीषा पंवार ने प्रतियोगिता में उज्जैन शहर की 15 स्कूलों की टीमों के भाग लेने की संभावनाएं व्यक्त की है। सभी प्रतिभागियों को आकर्षक प्रमाण पत्र तथा विजेता, उपविजेता को ट्रॉफी वह मेडल प्रदान किए जाएंगे। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुष्पा चौरसिया शिक्षाविद, दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी वरिष्ठ पार्षद नगर निगम उज्जैन, पद्मजा रघुवंशी नृत्य गुरू प्रतिभा संगीत कला संस्थान, विशेष अतिथि क्षेत्रीय पार्षद आशिमा गौरव सिंह सेंगर, गीता गर्ग प्राचार्य ज्ञानसागर स्कूल रहेंगी।

## आजादी के काल की पत्रकारिता की नस्ल अब गई सूख

▸ **स्व. वैद्य स्मृति व्याख्यानमाला में बोले मूर्धन्य कलमकार डॉ. शिव चैरसिया**



**उज्जैन। वर्तमान पत्रकारिता की नैतिकता में जो गिरावट आई है, उससे निराश होने की आवश्यकता नहीं है। यह बुराई दूर होगी, वह समय भी आएगा। इन दिनों पत्रकारिता का स्वरूप बदल गया है। पत्रकारिता ने अब समझौता कर लिया है। समाचार पत्रों से संपादक लुप्त हो गए हैं। पहले संपादक होते थे, उनका स्थान अब मालिकों ने ले लिया है। पत्रकारिता की नस्ल अब सूख गई है।**

यह बात मूर्धन्य पत्रकार, कवि एवं साहित्यकार डॉ.शिव चैरसिया ने प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व सांसद, प्रखर पत्रकार स्व.कन्हैयालाल वैद्य स्मृति समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में कही। कार्यक्रम के अतिथि 100 वर्षीय पत्रकार प्रेमनारायण नागर थे। अध्यक्षता सत्यनारायण पंवार ने की। स्व. वैद्य की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में राजेन्द्र जैन सभागृह में व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ।

पत्रकार क्रांतिकुमार वैद्य के अनुसार पत्रकारिता का स्वरूप स्वतंत्रता के पहले और बाद विषय पर विचार रखते हुए वक्ता चौरसिया ने कहा कि आजादी के काल में पत्रकारिता एक मिशन थी। स्वाधीनता का अलख जगाना तथा अंधविश्वास और रूढ़िवादिता को समाप्त करना मूल उद्देश्य था।

स्व.वैद्य के युग की पत्रकारिता को याद करते हुए उन्होंने माखनलाल चतुर्वेदी के कर्मवीर और गणेशशंकर विद्यार्थी के अखबार प्रताप को याद किया। मुख्य अतिथि नागर ने स्व.वैद्य के साथ बिताए संस्मरणों को ताजा किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में पूर्व सांसद सत्यनारायण पंवार ने कहा कि स्व.वैद्य एक ईमानदार और जुझारू पत्रकार थे। कार्यक्रम के वरिष्ठ पत्रकार सुभाष गौड़, साहित्यकार श्रीराम तिवारी, वरिष्ठ अभिभाषक चौरड़िया खाचरौद, आनंदीलाल गांधी, राहुल वर्मा ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में पत्रकारगण संदीप कुलश्रेष्ठ, निरूक्त भार्गव, जवाहर डोसी महिदपुर, विश्वास शर्मा जगोटी, साहित्यकार डॉ.पुष्पा चैरसिया, शिक्षाविद् डॉ.नेत्रा रावणकर, कवि एस.नागौरी, सीमा व्यास, प्रो.उर्वशी, प्रदीप जैन, अरविंद कुमार जैन, बीएल शर्मा, विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष अशोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे। संचालन पत्रकार कैलाश सनोलिया ने किया। आभार स्व.वैद्य की पुत्री क्रांति वैद्य ने माना।



## डॉ. विजय छजलानी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

**महिदपुर।** मध्यप्रदेश स्टेट टीबी एसोसिएशन, भोपाल द्वारा महिदपुर निवासी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विजय छजलानी को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं टीबी मरीजों की आजीवन सेवा के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें संस्था के अध्यक्ष जयपाल सचदेव एवं मानद सचिव डॉ. मनोज वर्मा द्वारा आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया। डॉ. विजय छजलानी इंदौर जिले के पूर्व जिला क्षय अधिकारी रह चुके हैं और उन्होंने लगभग 12 वर्षों तक इस पद पर रहते हुए टीबी उन्मूलन के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। इस सम्मान प्राप्ति पर नगर के जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, जैन समाज सहित महिदपुर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने डॉ. विजय छजलानी एवं छजलानी परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



## फैकल्टी इंटरेक्शन सेशन का आयोजन किया

**माकड़ोन।** शासकीय महाविद्यालय, माकड़ौन द्वारा फैकल्टी इंटरेक्शन सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय शिक्षण-अधिगम पद्धतियां एवं नई शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन रहा। यह अकादमिक कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, सुसनेर, जिला आगर में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, सुसनेर के प्राचार्य डॉ. जीसी गुप्ता तथा शासकीय महाविद्यालय, माकड़ौन के प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन हेतु फैकल्टी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षण-अधिगम की छात्र-केंद्रित एवं नवाचारी पद्धतियों को अपनाने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों महाविद्यालयों की फैकल्टी के मध्य शैक्षणिक संवाद स्थापित करना, शिक्षण-अधिगम की आधुनिक एवं प्रभावी पद्धतियों पर विचार-विमर्श करना। तकनीकी सत्र में डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता ने शिक्षण-अधिगम की नवीन पद्धतियों पर प्रकाश डाला। वहीं नई शिक्षा नीति 2020 पर विशेष व्याख्यान डॉ. नमन सारस्वत द्वारा प्रस्तुत किया गया। संचालन डॉ. नीता जाधव द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. आरवी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्न-उत्तर सत्र के माध्यम से फैकल्टी सदस्यों के बीच सार्थक अकादमिक संवाद हुआ।

## सामूहिक 1,51,000 हनुमान चालीसा पाठ के पहले बच्चों ने बनाई श्रीराम नाम आकृति



**उज्जैन।** संत शिरोमणि श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी के सानिध्य में उज्जैन में 20 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से श्री राम धुन के साथ होने वाले सामूहिक हनुमान चालीसा के 1.5 लाख पाठ के पूर्व 18 दिसंबर को बच्चों ने राम नाम की आकृति बनाकर धर्मप्राण जनता से इस धार्मिक महाअनुष्ठान में शामिल होने का आव्हान किया।

श्री राम बालकृष्णा, सोशल वेलफेयर सोसाइटी ट्रस्ट कोषाध्यक्ष दुर्गेश नंदिनी शर्मा एवं आयोजन समिति अध्यक्ष देवंद्र सिंह चावड़ा ने बताया कि 1 लाख 51 हजार श्रीराम भक्तों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही 1008 हनुमान मंदिर के ध्वज की महाआरती बाबा महाँकाल की नगरी उज्जैन में होगी। भाव मंत्र संस्था की प्रमुख भावना जोशी द्वारा राम नाम धुन की प्रस्तुति होगी। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, हेमंत खंडेलवाल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, कैलाश विजयवर्गीय नगरीय प्रशासन मंत्री, विशेष अतिथि अनिल फिरोजिया सासंद, हेमा मालिनी अभिनेत्री एवं सांसद सहित संत, महंत, महामंडलेश्वर और शहर के विद्वतजन शिक्षाविद, चिकित्सक एवम सभी समाजों के पदाधिकारी और समाजजन मौजूद रहेंगे। प्रमुख मार्गदर्शन राजेश अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग प्रदेश सचिव का रहेगा। 20 दिसम्बर शनिवार प्रात: 9 बजे इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान, इंदौर रोड पर होने वाले इस आयोजन में सपरिवार पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने और हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करने का अनुरोध रोहित सिंह बजेपुर, दिलराज सिंह चावड़ा, जीवन सिंह चावड़ा, जितेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, जीत सिंह राजपूत, रोहित सिंह, प्रदीप सिंह, रमेशचंद्र वर्मा, महेंद्रसिंह बना, पूजा चौहान, रेणुका शर्मा, विद्या शर्मा, मंजू मालवीय, सोनू राठौर, भारती बघेल सहित संस्था श्री राम बालकृष्णा, सोशल वेलफेयर सोसाइटी ट्रस्ट ने किया है।

## उज्जैन में होगा अखिल भारतीय भार्गव सभा का 134वां वार्षिक अधिवेशन

▸ **20 दिसंबर से होने वाले तीन दिवसीय अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन**



**उज्जैन।** अखिल भारतीय भार्गव सभा के 134वें वार्षिक अधिवेशन का आयोजन उज्जैन में 20 से 22 दिसंबर तक किया जाएगा। आयोजन के प्रचार-प्रसार हेतु अधिवेशन के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया।

प्रचार-प्रसार समिति के संयोजक एवं शिक्षाविद राकेश भार्गव ने बताया कि अधिवेशन के अंतर्गत सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद से जुड़ी विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में अखिल भार्गव, पीयूष भार्गव, सुधीर भार्गव, राकेश भार्गव, संदीप भार्गव, आयुष भार्गव, चंद्रशेखर भार्गव, अजीत भार्गव, मुकेश भार्गव, संजय भार्गव, राकेश भार्गव, विकास भार्गव, अजय भार्गव, जय भार्गव, अरविंद भार्गव, शिवम भार्गव, आशीष भार्गव, निखिल भार्गव, भरत भार्गव एवं ईश्वर चंद्र भार्गव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

रजिस्ट्रेशन समिति के संयोजक संदीप भार्गव ने बताया कि अब तक 859 ऑनलाइन पंजीकरण हो चुके हैं तथा लगभग 350 ऑफलाइन पंजीकरण होने की संभावना है। जंतर-मंतर मार्ग स्थित होटल सॉलिटेयर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय अधिवेशन के प्रथम दिवस 20 दिसंबर को प्रात: 9:30 बजे झंडारोहण एवं हवन प्रात: 11 बजे विवाह परामर्श शिविर का शुभारंभ इसके पश्चात अखिल भारतीय भार्गव युवा मंच द्वारा संचालित विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सायं 6 बजे उज्जैन भार्गव सभा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम युग भार्गव के निर्देशन मे नृत्य और नाटक की प्रस्तुति की जायेगी नाटक मारकण्डे एवं विक्रमादित्य एवं नृत्य मंगलनाथ, काल भैरव, नो नारायण, सप्तसागर, सांदीपनि आश्रम, शिप्रा आरती, महाकवि कालिदास एवं महाकाल की सवारी के दृश्य की सुन्दर प्रस्तुती आकर्षण का केंद्र होगी। उक्त प्रस्तुति में जया भार्गव, रूपल भार्गव, प्रीति भार्गव, मधु भार्गव, संगीता भार्गव, चारु भार्गव, पायल भार्गव, विनीता भार्गव, ममता भार्गव, नीरा भार्गव, जूही भार्गव, अंजू भार्गव, ईशिता भार्गव, रेखा भार्गव की अहम भूमिका रहेगी। विजय भार्गव ने बताया कि अधिवेशन के दौरान बैडमिंटन, स्वीप, लूडो, गोला फेक, बच्चों की दौड़ कैरम, शतरंज, रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर रेसचौपड़ आदि विभिन्न खेल एवं प्रतियोगिताओं की 252 एंट्री हो गई है। साथ ही काशी म्यूजिकल चेयर रेस, चौपड़ आदि विभिन्न खेल एवं प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी।



## एक भारत एक ई डब्ल्यू एस यात्रा

**उज्जैन। गरीब सवर्णों के समान अधिकार लड़ाई लड़ने के लिए राजस्थान के एक युवक भारत की यात्रा पर बाइक से निकला है। एक भारत एक ईडब्लयूएस सर्टिफिकेट और ईब्लयूएस प्रमाण पत्र के सरलीकरण के लिए बाइक से पूरे देश में जन जागरूकता एवं संपर्क यात्रा राजस्थान के चिरू के विक्रम सिंह धोधलिया कर रहे है। गुरुवार को धार्मिक नगरी उज्जैन पहुंचे यहां श्री राजपूत करणी सेना के सामाजिक संगठन ने उनका स्वागत सत्कार किया।**

देशभर में आरक्षण को लेकर आए दिन विवाद सामने आते हैं। एक भारत एक ईडब्लयूएस को लेकर राजस्थान के चिरु जिले के रहने वाले विक्रम सिंह धोधलिया ने अपनी नौकरी छोड़कर युवाओं के उत्थान के लिए बाइक से यात्रा शुरू की है। अब तक विक्रम ने चार राज्यों की यात्रा पूरी की है। करीब 9 हजार किलोमीटर तय कर अब मध्यप्रदेश के उज्जैन पहुंचे हैं। मध्य प्रदेश की यात्रा श्री राजपूत करणी सेना के अनुराग प्रताप सिंह राघव के साथ की जा रही है। यात्रा का उद्देश्य है कि ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र पूरे देश में एक समान मान्य हो। विक्रम सिंह सीमित संसाधनों के बावजूद देश के तमाम गांवों और शहरों में जाकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं, अनुभव और मांगें सरकार तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। यह यात्रा देश के कई प्रदेशों के जिले में होते हुए जयपुर में पहुंचकर संपन्न होगी।

**एक नजर** ▸ कर्मचारियों ने निगम गेट पर जमकर की नारेबाजी, सैकड़ों कर्मचारी रहे उपस्थित

## निगम के बाहर से आए अधिकारी स्वार्थ सिद्धि में लगे : कोरट

**उज्जैन।** नगर निगम उज्जैन में शासन ने जब से उज्जैन के बाहर से अधिकारियों को पहुंचाना शुरु किया है तब से आज तक ये अधिकारी अपनी स्वार्थ सिद्धि की पूर्ति कर यहां से चले जाते हैं। पहले स्थानीय स्तर के अधिकारी होते थे, जो नगर निगम के कार्यो को लगन एवं ईमानदारी से करते थे। नगर निगम की गरिमा को उनके द्वारा समझा जाता था, लेकिन ये बाहर से आये अधिकारियों (आयुक्त के अतिरिक्त) को केवल अपनी स्वार्थ की पूर्ति करना होता है। नगर निगम के अधिकारियों को ऐसे कर्मचारियों से कोई लेना-देना नहीं होता है।




उक्त बात भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सफाई कामगार संघ, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ, आउटसोर्स कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट ने कही। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा करोड़ों रुपये के कार्य सौंपे जाते हैं लेकिन अधिकारियों को उज्जैन शहर के कार्यों से कोई मतलब नहीं होता है। नगर निगम में आयुक्त के साथ मीटिंग में सभी मांगों पर सहमति बन जाती है लेकिन उनके अधिनस्थ अधिकारियों द्वारा कोई रुचि नहीं ली जाती है। जिससे निगम का कर्मचारी आज परेशान हो रहा है, जिनकी कोई सुनवाई नहीं होती है। इसलिए हमें आंदोलन की राह अपनाना पड़ती है।

भारतीय मजदूर संघ एवं राज्य कर्मचारी संघ नेता मनोहर गिरी ने भी कहा कि आपकी समस्त मांगों का निराकरण कराने हेतु राज्य कर्मचारी संघ हमेशा निगम कर्मचारियों के साथ खड़ा है। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ अध्यक्ष डॉ. पवन व्यास ने कहा कि निगम अधिकारियों की बदतमीजी कर्मचारियों के प्रति बढ़ती ही जा रही है, एक अदने से प्रभारी अधिकारी के कहने पर अपर आयुक्त (वित्त) ने एक कर्मचारी से दुर्व्यवहार किया गया, जो बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ अध्यक्ष रमेशचंद्र रघुवंशी ने कहा कि अखबारों में पढ़ा कि सम्पत्तिकर वसूली में रिकार्ड 5 करोड़ से अधिक की आय निगम ने अर्जित की है। इसके बावजूद सम्पत्तिकर के अधिकारियों-कर्मचारियों का 7 दिवस का वेतन रोक दिया गया। इनके अतिरिक्त रमेशचंद्र निगम, पी.एल. टटवाल, नितिन मुसले, मनसुख मेहरवाल आदि ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया। गेट मीटिंग का संचालन सफाई कामगार संघ सचिव संदीप कलोसिया ने किया। इस अवसर पर रामविलास गुप्ता, रमेशचंद्र मकवाना, दशरथ लोदवाल, अजयप्रकाश मेहता, कमलकिशोर गेहलोत, लक्ष्मीनारायण चंदेल, उमाशंकर मिश्रा, जफर आलम अंसारी, अमरनाथ झा, वजीर बेग, अल्काब भाई, गय्यूर भाई, अजय दावरे, महेश झांझोट, राजेश लोट, शैलेन्द्र तेजी, सोनू पटोना, शैलेष नागर, दिलीप घावरी, जयनारायण आर्य, मुकेश कल्याणे, सुधीर भारती, मनोज सक्सेना, संतोष शर्मा, धीरज कलोसिया, अजय संगत सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी अनोखीलाल, चुन्नीलाल, बसंताबाई, धुरीबाई, गीताबाई पिता सिद्धू व सीताबाई पति सिध्दु जाति कुलंबी तथा भूमिस्वामी सत्यनारायण पिता जगन्नाथ जाति कुलंबी निवासीगण ग्राम कमठाना तहसील खाचरौद से ग्राम कमठाना स्थित भूमि सर्वे नबंर 249 रकबा 0.37 हेक्टर व सर्वे नबंर 250 रकबा 0.37 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.74 हेक्टर कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया है, इस कृषि भूमि के बाबत क्रय करने का अनुबंध किया होकर अनुबंध के पालन में बयाना राशि अदा कर दी है, तथा अनुबंध के पालन मे शेष प्रतिफल अदा कर विक्रय-पत्र पंजीयन करवाना जाना शेष है इसलिए सर्व साधारण को सूचित किया जाता हे कि, अगर उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, निजी ऋणदाता अथवा वित्तीय संस्थान का किसी भी स्वरूप का कोई भार बोझ हो अथवा स्वत्व हित अधिकार तो इस सूचना प्रकाशन की 3 दिवस की अवधि में मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार विक्रय-पत्र का पंजीयन विधिवत अपने पक्ष में करवा लेवेगा तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही रहेगी। सूचित हो।

दिनांक-18-12-2025 ईस्वी

प्रेषक
**अफसर एहमद मंसूरी एडवोकेट,**
जवाहरमार्ग खाचरौद जिला उज्जैन मोबा. 98269-49940